**मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर नगर की अध्यक्षता में, जल जीवन मिशन (JJMUP) के डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक दिनांक 14.07.2026 को विकास भवन सभागार, कानपुर नगर में आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है।**

जनपद कानपुर नगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 14.07.2026 को विकास भवन सभागार में आहूत हुयी, जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहें:—

1. श्री अभिनव जे0 जैन, मुख्य विकास अधिकारी महोदय/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
2. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
3. श्री सतीश चन्द्र, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
4. श्री मान्धाता सिंह, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0), कानपुर नगर।
5. श्री रामशरन, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद।
6. श्री मनोज कुमार द्विवेदी एवं श्री जमील अहमद, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0—गाजा, नोएडा।
7. श्री मंगलम क्रिस्टोफर हेरम, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एवरेस्ट इंफ्रा, हैदराबाद।
8. श्री देवेश दुबे, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में JJMUP Portal डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डैशबोर्ड की विभिन्न तालिकाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा निम्न निर्णय एवं निर्देश दिए गए—

**टेबल संख्या—1 : Jal Nigam Under Construction (UC) Scheme Progress**

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में Under Construction श्रेणी में कोई भी योजना लंबित नहीं है।

**टेबल संख्या— 1A : Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progress**

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में (O&M) के अंतर्गत कुल 77 योजनाएँ (93 ग्राम) सम्मिलित हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा इन योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु एवरेस्ट एजेंसी को नामित किया गया है। मै0 एवरेस्ट इंफ्रा, हैदराबाद द्वारा 82 ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है, जबकि 11 ग्रामों में जलापूर्ति नहीं हो रही है। 82 ग्रामों के कार्य हेतु धनराशि स्वीकृत हो चुकी है तथा 11 ग्रामों के लिए स्वीकृति राज्य स्तर पर लंबित है, जो एक सप्ताह में प्राप्त होने की संभावना है।

**निर्देश :** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा श्री मंगलम क्रिस्टोफर हेरम, प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 एवरेस्ट इंफ्रा, हैदराबाद को निर्देशित किया गया है कि 82 ग्रामों के कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर अगस्त माह तक पूर्ण जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए।

**टेबल संख्या— 1 B : Jal Nigam Retrofit Scheme Progress**

वर्ष 2020—21 की Retrofitting योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में कोई भी कार्य लंबित नहीं है।

Scanned with OKEN Scanner

**टेबल संख्या– 2 : Physical Progress Phase wise**

**मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा।**

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 309 योजनाएँ एवं 611 ग्राम सम्मिलित हैं। इनमें 358 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति संचालित है। 53 योजनाएँ (85 ग्राम) O&M में हैं। 157 योजनाएँ (343 ग्राम) Trial Run में हैं। अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया है कि 157 योजनाएँ तीन माह से अधिक समय से Trial Run में हैं तथा OHT एवं संबंधित कार्य लंबित होने के कारण O&M में स्थानांतरित नहीं हो सकी हैं।

**मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद**

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 116 योजनाएँ एवं 203 ग्राम सम्मिलित हैं। इनमें 141 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति संचालित है। 40 योजनाएँ (64 ग्राम) O&M में हैं। 61 योजनाएँ (120 ग्राम) Trial Run में हैं।

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि 157 योजनाएँ तीन माह से अधिक समय से Trial Run में हैं तथा OHT एवं संबंधित कार्य लंबित होने के कारण O&M में स्थानांतरित नहीं हो सकी हैं।

**निर्देश :** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि श्री मनोज कुमार द्विवेदी एवं श्री जमील अहमद, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0–गाजा, द्वारा इस सप्ताह कम से कम 30 OHT का कार्य पुनः प्रारंभ कराया जाए एवं Trial Run में लंबित 61 योजनाओं के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने श्री रामशरन, प्रोजेक्ट मैनेजर, वी0एस0ए0 को निर्देशित किया कि वर्तमान माह में कम से कम 10 योजनाओं को O&M में स्थानांतरित किया जाए।

**टेबल संख्या– 2A : Single Village Scheme Physical Progress**

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 186 एकल ग्राम योजनाएँ हैं। इनमें 49 योजनाएँ O&M तथा 82 योजनाएँ Trial Run में हैं। Trial Run में से 20 योजनाएँ वी0एस0ए0 एवं 62 योजनाएं वी0टी0एल0 की हैं। भारत सरकार द्वारा एकल ग्राम योजनाओं की अधिकतम पूर्णता अवधि मार्च 2027 निर्धारित की गई है।

**निर्देश :** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि श्री रामशरन, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0, जुलाई माह में कम से कम 4 योजनाओं को O&M में स्थानांतरित करे तथा श्री मनोज कुमार द्विवेदी एवं श्री जमील अहमद, प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0–गाजा, OHT कार्य पूर्ण करते हुए कम से कम 10 योजनाओं को चालू कराए।

**टेबल संख्या– 3 : RWS disruption(Village)**

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 3 ग्राम जलापूर्ति से प्रभावित हैं। जिनमें 2 ग्राम Local Repair के कारण एवं 1 ग्राम Road Widening के कारण।

**निर्देश :** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि श्री रामशरन, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0 तथा श्री मनोज कुमार द्विवेदी एवं श्री जमील अहमद, प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0–गाजा, द्वारा आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

**टेबल संख्या– 4 : Jal Arpan/Jal Aklan**

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अब तक 47 जलार्पण पूर्ण हुए हैं।

Scanned with OKEN Scanner

**निर्देश** : मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि श्री रामशरन, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0 तथा श्री मनोज कुमार द्विवेदी एवं श्री जमील अहमद, प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0–गाजा, द्वारा लक्ष्य 175 जलार्पण शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करायें।

**टेबल संख्या– 4A : RPWSS Village Details**

अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश RPWS Village Details तैयार हैं। शेष विवरण प्रभावित ग्रामों एवं Single Village योजनाओं के संबंध में राज्य स्तर से अद्यतन किए जा रहे हैं।


**टेबल संख्या– 5 : Components Wise Physical Progress**

अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया है कि जनपद में घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) की प्रगति 96.75% है।

**निर्देश** : मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मै0 वी0टी0एल0–गाजा, को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन लगभग 400 घरेलू कनेक्शन कराते हुए वर्तमान माह में जनपद की CM Dashboard रैंकिंग B से A श्रेणी में लाई जाए।

**टेबल संख्या– 6 : Unified Command and Control System (UCCS)-Automation**

अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया है कि मै0 वी0टी0एल0 की 53 O&M योजनाओं में से 49 योजनाएँ Integrated तथा 24 योजनाएँ Live हैं तथा मै0 वी0एस0ए0 की 40 O&M योजनाओं में से 35 योजनाएँ Integrated तथा 20 योजनाएँ Live हैं।



**निर्देश** : मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मै0 वी0टी0एल0 की शेष 4 योजनाओं का पूर्ण Integration तथा मै0 वी0एस0ए0 की शेष 5 योजनाओं का भी शीघ्र Integration किये जाने का निर्देश दिये गये हैं।

**टेबल संख्या– 7 : Grievance**

**निर्देश** : मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा लंबित शिकायतों के संबंध में निर्देश दिए गए कि एक सप्ताह के भीतर सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक सधन्यवाद संपन्न हुई।

जिला समन्वयक,
डी0पी0एम0यू0,
कानपुर नगर

(अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ:-

1. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर।
4. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, कानपुर नगर।
5. मै0 वी0एस0ए0-एस0एम0सी0, हैदराबाद।
6. मै0 विंध्य टेलीलिन्क्स-गाजा प्रा0 लि0, नोएडा।
7. मै0 एवरेस्ट इंफ्रा, हैदराबाद।
8. टी0पी0आई0 हेतु नामित एजेन्सी।
9. डी0पी0एम0यू0 , कानपुर नगर।

(अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर

Scanned with OKEN Scanner